an>

Title: Need to put skill development training programmes in the country on the fast track particularly in Sant Kabir Nagar district, Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, मैं सरकार का ध्यान कौशल विकास के कार्यक्रम में हो रही ढिलाई और लेट-लतीफी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। अनेक पिछड़े जिलों में अभी तक कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण का काम शुरू नहीं हो पाया है और प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक लोग परेशान हो रहे हैं, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण मेरा लोक सभा क्षेत्र संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) का है, जिसमें अभी तक निर्धारित लक्ष्य का बीस प्रतिशत कार्य भी नहीं हो पाया है। प्रशिक्षण के जो कार्य किए भी जा रहे हैं, वह क्षेत्र के लोगों की जरूरतों और सामाजिक स्थिति से मेल नहीं खा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि बिना सर्वे कराए कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं, जो किसी भी स्थिति में मेल नहीं खाते हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस पूरी योजना पर सदन को विचार करना चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि किन कारणों से कौशल विकास के कार्यक्रमों में देरी हो रही है और उन्हें तत्काल दूर करें।